भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 908
बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भूकंप निगरानी केंद्र

†908. **श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के सतारा जिले में भूकंप निगरानी केंद्र स्थापित किया है और यदि हां, तो इसकी स्थापना, इसके उद्देश्य और कार्यों के बारे में ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र के सतारा जिले में भूकंप निगरानी केंद्र में वर्तमान में कार्यरत अधिकारियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार को इस केंद्र में स्थानीय लोगों के रोजगार के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो इन प्रस्तावों के उत्तर में सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) जी हाँ। महाराष्ट्र के सतारा जिले में, वर्तमान में, छह भूकंप निगरानी केंद्र (भूकंपीय वेधशालाएं) हैं। ये छह केंद्र राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क का हिस्सा हैं, वर्तमान में देश भर में 159 ऐसे केंद्र शामिल हैं। इनमें से केवल कराड के भूकंप निगरानी केंद्र (भूकंपीय वेधशाला) में भारत मौसम विज्ञान विभाग का एक स्थायी अधिकारी तैनात है, जबकि शेष केंद्रों में कोई स्टॉफ नहीं है। इसके अलावा, सीएसआईआर के तहत राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद अनुसंधान उद्देश्यों के लिए कोयना में और उसके आसपास अनेक मानव रहित भूकंप निगरानी केंद्र (भूकंपीय वेधशालाएं) संचालित करता है।

(क) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****